>

Title: Need to develop Brij tourist circuit connecting religious sites associated with Lord Krishna to boost tourism in the region.

श्री जयंत चौधरी (मथुरा): बृज में प्रतिवर्ष धार्मिक दृष्टि से देश-विदेश से कृष्ण भक्तों एवं पर्यटकों का आवागमन लगा रहता है। बृज के प्रमुख स्थान जैसे वृन्दावन, गोवर्धन, बरसाना, नन्दगांव, गोकुल तथा दाऊदी आदि लाखों लोगों की आस्था व विश्वास का केन्द्र है लेकिन इसके बावजूद उन्हें सुविधाएं नहीं मिलने के कारण भावनाओं को ठेस पहुंचती है। बांके बिहारी मंदिर में प्रतिदिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु दर्शन को आते हैं किंतु अव्यवस्थाओं के चलते उन्हें भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। यहाँ रासलीला, बृज चौरासी कोस की परिक्रमा का आयोजन होता ही रहता है किंतु यदि लोगों को बेहतर सुविधाएं दी जाएं तो और भी पर्यटकों का खिचाव बृज की ओर होगा।

पर्यटन मंत्रालय ने धार्मिक और अध्यात्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने की योजना के तहत सूफी, सिख और जैन सर्किटों की तर्ज पर 12वीं पंचवर्षीय योजना के दौरान बौद्ध देशों से विदेशी पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए बौद्ध सर्किट के विकास की योजना बनाई है। अतः मैं सरकार से मांग करता हूं कि इन सर्किटों की तरह बृज सर्किट की भी योजना बनाई जाए।